**संयुक्त सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 09.05.2025 को HRMS परियोजना अंतर्गत Go live किये गये Modules के क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक की कार्यवाही:–**

---

उपस्थिति :– यथापंजी

कार्यवाही:–

दिनांक 09.05.2025 को अपराह्न 05.00 बजे संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में सभी प्रशाखा पदाधिकारियों एवं आई0टी0 मैनेजर के साथ HRMS परियोजना अंतर्गत Go live किये गये Modules के क्रियान्वयन हेतु बैठक आहूत की गयी।

बैठक में Leave Management Module एवं Cadre Mapping Module पर चर्चा की गयी एवं तदनुसार निम्न निदेश दिया गया:–

(i) Cadre Mapping Module के क्रियान्वयन हेतु सभी प्रशाखा पदाधिकारी अपने प्रशाखा से एक–एक सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/उच्च वर्गीय लिपिक/निम्न वर्गीय लिपिक को नामित कर निदेशालय अंतर्गत पदाधिकारियों/कर्मियों की Mapping आई0टी0 मैनेजर के सहयोग से शीघ्र करायेंगे।

(ii) सभी प्रशाखा पदाधिकारी/कोषांग Leave Management Module के क्रियान्वयन हेतु विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–66 दिनांक 21.03.2025 का अनुपालन करेंगे एवं मासिक रूप से सभी पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा उपभोग किये गये सभी प्रकार के अवकाशों को मासिक रूप से प्रशाखा–01 को उपलब्ध करायेंगे, जिसका संधारण अवर सचिव, प्रशाखा–01 द्वारा किया जायेगा।

(iii) Cadre Management Module में विभाग की स्थिति अच्छी नहीं है। अभी तक विभाग से एक भी Employee का Cadre Mapping नहीं किया गया। संयुक्त सचिव के द्वारा इस पर खेद प्रकट करते हुए सभी प्रशाखा पदाधिकारी को अपने–अपने निदेशालय अंतर्गत सभी Employee का Cadre Entry करते हुए शत् प्रतिशत Mapping करने का निदेश दिया गया। संग्रहालय एवं छात्र एवं युवा कल्याण निदेशालय अंतर्गत पाया गया कि अभी तक (नियमावली) Cadre की Entry नहीं हुई है। एन0सी0सी0 निदेशालय से एक कर्मी प्रतिनियुक्त करायेंगे। संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी को 15 दिन के अंतर्गत Entry एवं Mapping का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

(iv) Report में District Art and Culture Officer के Cadre की दो बार Entry show हो रही है। इन्हें delete करने हेतु श्री मनीष कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसायटी भेजने एवं आई0टी0 प्रबंधक को इसे delete करवाने का निदेश दिया गया।

15 दिनों के बाद पूर्ण अपडेट हुए रिपोर्ट के साथ बैठक करने का निदेश दिया गया।

ह0/–
(रूबी)
संयुक्त सचिव,
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग।

(1182)

बिहार सरकार

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग

ज्ञापांक–1/वि01–65/2019 967/ पटना, दिनांक 26/05/2025

प्रतिलिपि– सचिव के आप्त सचिव/सभी निदेशक/संयुक्त सचिव/अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

26/05/25

(स्मिता कुमारी)
अवर सचिव।

Voting 2024

12/83